Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Kaswan Shri Ram Singh

an>

Title : Need for gauge conversion of Rewari-Bikaner, Sadulpur-Hisar, Ratangarh-Degana, Loharan-Jaipur via Sikar sections in Rajasthan.

श्री राम सिंह कस्वां (चुरू) : अध्यक्ष महोदय, रेवाड़ी से बीकानेर, सादुलपुर से हिसार, रतनगढ़ से डेगाना, लोहारन से जयपुर वाया सीकर मीटर गेज रेल लाइन को ब्रॉडगेज में आमान परिवर्तन की मांग सालों से की जा रही है। दिल्ली से रेवाड़ी आमान परिवर्तन होने के कारण उ परोक्त मार्ग की सभी गाड़ियां रेवाड़ी आकर रूक जाती हैं। इससे इस क्षेत्र की जनता का दिल्ली रेल से आने का सीधा सम्पर्क टूट गया है। लोगों के सामने विकट समस्या पैदा हो गयी है। मेरा माननीय रेल मंत्री से आग्रह है कि चालू बजट में उपरोक्त रेल मार्ग के आमान परिवर्तन के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवायें। आमान परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर कार्य पूर्ण कर राहत प्रदान करें।